an>

Title: Presentation of the 34th to 39th Reports of Committee on Petitions.

श्री भगत सिंह कोश्यारी (नैनीताल - उधम सिंह नगर): अध्यक्ष महोदया, मैं याचिका समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) मध्य रेलवे में समूह 'घ' पदों के लिए चिकित्सीय परीक्षा उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति के बारे में श्री आनंदराव अडसुल, संसद सदस्य, लोक सभा से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में समिति के 31वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी चौतीसवां प्रतिवेदन ।

(2) क्रेडिट इन्फोरमेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया (सीआईलीआईएल) की सूची में कृषि ऋण के चूककर्ताओं के नाम शामिल न किए जाने के बारे में श्री अमोल एम. टोटेय से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति के तीसरे प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी पैंतीसवां प्रतिवेदन ।

(3) मुंबई उपनगरीय ट्रेन सेवा में प्लेटफार्म तथा लोकल ट्रेन के कोचों के बीच अत्यधिक दूरी के कारण लोगों के मारे जाने तथा चोटिल होने से उत्पन्न भयानक स्थिति के बारे में सर्वश्री मधु कोटियन और जीतेश मटालिया से प्राप्त तथा डॉ. किरीट सोमैया, संसद सदस्य द्वारा अग्रेषित अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति के 13वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी छत्तीळसवां प्रतिवेदन ।

(4) सोना-चांदी या आभूषण की खरीद के लिए किए गए लेन-देन हेतु स्थायी खाता संख्या (पीएएन) का अनिवार्य रूप से उद्धरण किए जाने के बारे में श्री मनीष जैन से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति के 15वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी सैंतीसवां प्रतिवेदन ।

(5) भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा लोक उद्यम विभाग के मार्ग निर्देशों के उल्लंघन किए जाने के बारे में कोचिन रिफाइनरीज एम्प्लोईज एसोसिएशन के महासचिव श्री पी.एन. सुरेन्द्रन नायर से प्राप्त अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति के 17वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी अड़तीसवां प्रतिवेदन ।

(6) झारखंड के देवघर में एक नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान इंस्टीटयूट (एआईआईएमएस) खोले जाने के बारे में सर्वश्री लखन तूरी और महेन्द्र प्रसाद कुशवाहा तथा श्री निशिकांत दूबे, संसद सदस्य द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति के 23वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी उनतालीसवां प्रतिवेदन ।

â€¦(व्यवधान)